




नवभारत 11
भोपाल, सोमवार , 28 जुलाई 2025


## एक नजर में

### मछलियों की सुरक्षा के करें प्रभावी उपाय

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जल संसाधन विभाग टीकमगढ़ द्वारा भी वेस्ट वियर अधिशेष जल निकास में कचरा जमा होने से जल बहाव में अवरोध की समस्या बताई गई है, जो इस भारी वर्षा के दौरान बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न कर जान-माल के साथ-साथ मत्स्य संपदा को भी भारी नुकसान पहुंचा सकती है।इसी गंभीर स्थिति को देखते हुये कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ ने क्षेत्र के मछली पालकों से अपील की है कि वे अपने तालाबों और मछलियों की सुरक्षा के लिए तत्काल और प्रभावी उपाय करें।**

केवीके के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार एवं मात्स्यिकी वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार ने इस संबंध में बताया कि अतिवृष्टि के दौरान तालाबों का टूट जाना या मछलियों का बाहर बह जाना मछली पालकों के लिए गंभीर आर्थिक क्षति का कारण बनता है। जल संसाधन विभाग ने भी वेस्ट वियर में कचरा जमा होने से जल बहाव में अवरोध की समस्या बताई है, जिस पर तुरंत ध्यान देना आवश्यक है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के पूर्वानुमान और इस वर्ष हुई अत्यधिक वर्षा को देखते हुए मछलियों सुरक्षा करे।

# दुकानों के बाहर सामान रखकर किया अतिक्रमण

**शहर के कई स्थानों पर बन रही जाम की स्थिति**

**पुलिस के जवानों को करनी पड़ती कड़ी मशक्कत**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है।हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। सबसे ज्यादा मुसीबत शहर में चल रहे ई-रिक्शा के कारण बन रही है। शहर में हर एक घंटे में जाम के हालात बन जाते है। जिसके चलते इन दिनों जुलाई के माह में स्कूल खुलते ही जाम की समस्या दिन में प्रत्येक घंटे में देखने को मिलती है। क्योंकि स्कूली बच्चों को ले जाने वाहन मनमाफिक तरीके से चलाए जा रहे है।**





दरअसल शहर के सबसे व्यस्त्तम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो, नजाई मंडी, मजदूर चौराहा में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है। इसके साथ ही कोतवाली के ठीक बगल में स्थित प्रधानपुरा की गली में अधिक दुकानदारों द्वारा सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण करने से जाम लगता है। स्टेट बैंक से पपौरा चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने को मिल रहा है कि दुकानदारों ने दुकानों का सामान सड़कों पर जमा रखा। इतना ही नहीं इन दुकानदारों की पार्किंग न होने के कारण लोग सामान खरीददने के दौरान अपने वाहन सड़कों पर खड़े कर देते हैं इसलिए जाम से लोगों की हालत खराब हो जाती है। इस इलाके में सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक हालात बेहद खराब रहते हैं। सुभाष बुक डिपो की ओर जाने वाले मार्ग पर ऐसी ही स्थिति देखने को मिलती है। प्रशासन द्वारा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**ई-रिक्शा तीन पहिया वाहनों से बढ़ी परेशानी**

जाम का एक कारण और भी है। लोगों की माने तो इन दिनों नगर में ई-रिक्शा तीन पहिया वाहनों की संख्या अधिक हुई है। तीन पहिया वाहन चालक सवारियों के चक्कर में अपनी टैक्सियों को कहीं भी कभी भी खड़ा कर देते हैं। वह इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते कि उनके वाहन खड़े करने से जाम लग जाएगा। स्टेट बैंक, मिश्रा तिराहा, सैल सागर मार्ग पर यह स्थिति अक्सर देखने को मिलती है। तीन पहिया वाहन चालक अगर बीच सड़कों पर वाहनों को खड़ न करें, तो भी जाम से लोगों को निजात मिल सकती है।

## पुलिस ने करवाया बचाव कार्य शुरू



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। क़रीब रात्रि 9 बजे ग्राम भूरा पिता प्यारे लाल रैकवार निवासी चंदेरी मकान के बीच में बनी छत गिर गई है जिससे उसको चोट आई। जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी लिधौरा उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोष ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत व बचाव कार्य शुरू करवाया और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। चोटिलो का गांव के ही डांक्टर से इलाज कराया ।**

साथ ही आवश्यक राशन सामग्री व अन्य सहायता उपलब्ध कराई गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे वर्तमान मानसून को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय भ्रमण करें, जर्जर भवनों एवं नदी घाटों की निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सतर्क रहें और आवश्यक कदम तत्काल उठाएं। ग्राम चंदेरी थाना कुड़ीला अंतर्गत भूरा पिता प्यारे लाल रैकवार के मकान के बीच में बनी छत गिर गई है जिससे चोट आई थी। सूचना पर थाना प्रभारी लिधौरा उप निरीक्षक बृजेंद्र सिंह घोष ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे एवं उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## वृक्षारोपण में सभी ने निभाई सहभागिता




**नवभारत न्यूज जतारा। शासकीय महाविद्यालय जतारा में एनएसएस प्रभारी महिला व पुरुष इकाई द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।**

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षों की रखरखाव एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व वृक्षों को सुरक्षित रखने की शपथ ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार शुक्ला, एनएसएस महिला इकाई प्रभारी श्रीमती पूर्णिमा देवलिया, एनएसएस पुरुष इकाई प्रभारी डॉक्टर रमेश अहिरवार, डॉ सविता जैन,डॉक्टर अरुण नामदेव, डॉ राजेश पांडेय, डॉ ईश्वर दुबे, सहायक प्राध्यापक जयेन्द्र चंद्रवार, फूलचंद अहिरवार एवं समस्त स्टॉप व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शासकीय महाविद्यालय जतारा में एनएसएस प्रभारी महिला व पुरुष इकाई द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस मौके पर सभी ने एक-एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाने का संकल्प लिया साथ ही पौधों की रख-रखाव की शपथ ली।

## ग्राम सभा में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संपरीक्षा समीती भोपाल से प्राप्त निर्देशों के पालन में टीकमगढ़ जिले की जनपद पंचायत पलेरा की ग्राम पंचायत कनेरा में मनरेगा निर्माण कार्यों वर्ष 2024-25 तथा 2022-23, 2023-24 में आयुष्मान अनुग्रह राशि का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों का सामाजिक अंकेक्षण कार्य ग्राम सामाजिक एनिमेटर के सत्यापन उपरांत ग्राम सभा के ग्रामीण समाज के माध्यम से किया गया।**

ग्राम पंचायत कनेरा में सामाजिक अंकेक्षण की विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्राम वासियों ने अपनी बात रखी और मांगो को कारयवाही विवरण में लिखा गया। ग्राम सभा के दौरान अनुग्रह एवं अंतेष्टि सहायता लाभ प्राप्त कार्डधारी उपस्थित रहे तथा इलाज के दौरान अंतेष्टि सहायता से राशि प्राप्त होना बताया गया। केन्द्र सरकार के पंचायत निर्णय एप पर जिले में कनेरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा के फेटो वीडियो और कारयवाही विवरण उपस्थिति पंजी के फेटो जियोटेग किए गये। ग्राम सभा में जिला स्तर से जिला समन्वयक कपिल जैन, विकास खंड समन्वयक परवीन निशा, व्हीएसए दयावती राजपुत, परशुराम अहिरवार और सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर किए विचार व्यक्त




**नवभारत न्यूज जतारा। शासकीय महाविद्यालय जतारा में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने कारगिल विजय दिवस के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किए।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विजय कुमार शुक्ला द्वारा की गई ।कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के नायकों की बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल विजय दिवस की उपलक्ष्य में महाविद्यालय की विद्यार्थियों के मध्य परिचर्चा ,विचार गोष्ठी ,चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ रमेश अहिरवार एनएसएस प्रभारी, डॉ अरुण कुमार नामदेव स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी , श्रीमती पूर्णिमा देवलिया एनएसएस प्रभारी महिला इकाई, जयेन्द्र चन्द्रवार, डॉ ईश्वर प्रसाद दुबे ,डॉ राजेश प्रजापति क्रीड़ा अधिकारी,बृजेश सेन एवं समस्त शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टाफ तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

डॉ अरुण कुमार नामदेव द्वारा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त कियागया। महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में होगी टीएल की बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे।

बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी। समय-सीमा की बैठक में जिला सीईओ, समस्त तहसीलदार, एसडीएम, सीएमओ, सीएमएचओ, जनपद सीईओ सहित जिले के सभी अधिकारी शामिल होगे। कलेक्टर समीक्षा करेगे।

## प्राकृतिक उत्पाद खरीदने उमड़ रहे लोग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर के निर्देशानुसार जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के हाट बाजार का आयोजन सर्किट हाउस के पास जैविक उगाए जैविक खाए स्वस्थ और समृद्ध जीवन पाए की थीम के आधार पर किया गया। प्राकृतिक उत्पाद खरीदने की ओर अब लोगों का रूझान बढ़ने लगा है। जिससे उत्पादों की बिक्री में निरंतर इजाफा हो रहा है।**




हाट बाजार में कृषकों द्वारा उत्पादित जैविक सब्जियां, फल, खजूर का गुड़, गाय का शुद्ध घी, शहद सहित अन्य विभिन्न उत्पादों को विक्रय के लिए लाया गया। पूर्व की भांति शहर के लोगो द्वारा बढ़ चढ़ कर उत्पाद खरीद कर इस आयोजन को सफल बनाया। दरअसल पिछले दिनों जिला पंचायत की अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह जहां भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव के साथ प्राकृतिक उत्पादों की खरीददारी करने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने इन उत्पादों से मिलने वाले लाभ के बारे में सभी को अवगत कराया था।

उन्होंने टीकमगढ़ के नागरिकों से जैविक, प्राकृतिक उत्पाद खरीदने की अपील की थी। जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के हाट बाजार का आयोजन सर्किट हाउस के पास जैविक उगाए जैविक खाए स्वस्थ और समृद्ध जीवन पाए की थीम के आधार पर किया गया। जैविक, प्राकृतिक उत्पादों के हाट बाजार का आयोजन सर्किट हाउस के पास जैविक उगाए जैविक खाए स्वस्थ और समृद्ध जीवन पाए की थीम के आधार पर किया गया। हाट बाजार में कृषकों द्वारा उत्पादित जैविक सब्जियां, फल, खजूर का गुड़, गाय का घी बेचा जा रहा है।

## नवांकुर सखी कार्यक्रम का पंचमपुरा में शुभारंभ

**महिला सरपंच ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता**

**महिलाओं को वृक्षारोपण करने का दिलाया संकल्प**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में टीकमगढ़ जिले के ब्लॉक जतारा के बनगांय सेक्टर में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनगांय ने ग्राम पंचायत पंचमपुरा में पनियारी देवी माता मंदिर प्रांगण मे नवांकुर सखी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कमलेश केवट सरपंच द्वारा की गई। नवांकुर सखी हरियाली यात्रा स्वैच्छिकता के आधार पर ग्रामों में ही महिलायों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु नवांकुर सखी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




ग्राम पंचायत पंचमपुरा में नवांकुर सखियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। सभी महिलाओं, बच्चो तथा ग्राम के लोगों को संकल्प दिलाया गया है कि अपने-अपने घरों पर एक-एक नर्सरी बाटिका तैयार करें। यह कार्यक्रम नवांकुर द्वारा चयनित 10 ग्रामों में होगा। प्रतिदिन दो ग्रामों में सम्पन्न होकर यह कार्यक्रम 5 दिवस तक चलने वाला है, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत मे 20 पौधों एबं 125 पन्नी और 500 बीजी का नर्सरी लगाने के लिए वितरण किया गया, जिसमें प्रमुख नवाकुर सखी सरपंच कमलेश केवट को सौपा गया। साथ ही संकल्प दिलाया गया है कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए। अपने-अपने जन्मदिन पर एक-एक पेड़ आवश्यक लगाएं और अपने पर्यावरण को बचाए रखें।

ग्राम पंचमपुरा में सम्पन्न कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समंवयक राजकुमार जैन, नवाकुर संस्था बनगाँय संस्था प्रमुख, बृजेश साहू , ग्राम विकास प्रस्फु टन समिति के अध्यक्ष, सचिव मोतीलाल केवट,राजेश यादव, मनीष भूषण सिंह परमार, देवेंद्र साहू, राजाराम केवट अखिलेश विश्कर्मा, शिक्षक भरोसेराम केवट, रतिराम यादव, राजेश अहिरवार, अजय अहिरवार दयाराम अहिरवार, प्रभुदयाल अहिरवार सहित अन्य ग्रामीण लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कमलेश केवट सरपंच द्वारा की गई।

**अलर्ट** मौसम विभाग ने किया अलर्ट घोषित

# आगामी 4 दिनों तक अधिक से अधिक बारिश का अलर्ट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान एक बार फिर जोरदार बारिश हुई है। जिले में औसतन 2 इंच बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक बारिश बल्देवगढ़ तहसील में 112 मिलीमीटर यानी 4.5 इंच रिकॉर्ड हुई है।**

पिछले 24 घंटों के दौरान एक बार फिर जिले में जोरदार बारिश हुई है। सबसे अधिक पलेरा तहसील में 68 मिलीमीटर यानी 2.7 इंच बारिश दर्ज की गई। मोहनगढ़ तहसील में 2 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। जिले में 24 घंटे के दौरान औसतन 1.6 इंच बारिश हुई है। जिले में अब तक कुल 42.3 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी समय तक केवल 17.4 इंच बारिश हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष पिछले



वर्ष की तुलना में 25 इंच अधिक बारिश हो चुकी है। जिले का औसत बारिश का कोटा 40 इंच है जो पहले ही पूरा हो चुका है। भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान टीकमगढ़ में 1.8 इंच, बड़गांव धसान में 1.2 इंच, बल्देवगढ़ में 0.5 इंच, खरगापुर में 1.5 इंच, जतारा में 1.8 इंच, मोहनगढ़ में 2 इंच, लिधौरा में 1.8 इंच और पलेरा में 2.7 इंच। अब तक की कुल बारिश के आंकड़े बताते हैं कि पलेरा में सबसे अधिक 58.2 इंच बारिश हुई है।

अन्य तहसीलों में टीकमगढ़ में 52.2 इंच, बड़ागांव धसान में 29 इंच, बल्देवगढ़ में 41.2 इंच, खरगापुर में 42 इंच, जतारा में 36 इंच, मोहनगढ़ में 47.5 इंच और लिधौरा में 37.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने रविवार से बुधवार तक भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। बारिश के कारण बान सुजारा बांध के 5 गेट खोले गए हैं। प्रत्येक गेट 0.5 मीटर खोला गया है। 27 जुलाई को सुबह 8 बजे बांध में पानी का वर्तमान स्तर 313.30 मीटर थाए जबकि पूर्ण भराव स्तर 316.50 मीटर है। वर्तमान में बांध 53.436 भरा हुआ है। नदी से पानी की आवक लगभग 195 घन मीटर प्रति सेकंड है। जबकि गेटों से 300 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।

**नदी के घाटों पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम**

मानसून अब पूरी तरह जिले में एक्टिव हो गया है। पिछले 24 घंटे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इस दौरान करीब 10 .3 मिमी आधा इंच से भी कम बारिश दर्ज की गई है। इस बर्ष औसत से अधिक बारिश ने किसानों को बेहाल करके रख दिया है। बरीघाट डेम के रास्ते तक जल भराव हो गया था। जामनी नदी से पानी बहाव तेज होने से बरीघाट के आगे बने त्रिगटा तक पानी का भराव हो गया। कुंडेश्वर नदी के घाटों पर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम किए गए है।

### डिप्लोमा पाठ्यक्रम से होगी प्रवेश प्रक्रिया

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय टीकमगढ़ में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।**

संस्था में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ईब्डल्यूएस कोटा को छोड़कर सभी सीट्स भर चुकी है एवं कंप्यूटर साइंस और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में भी सीमित सीट्स बची हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी है। प्राचार्य डॉ आरपी शांडिल्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह निर्धारित तिथियों में पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें। संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया जारी हैं।

## सावन सोमवार पर लगेगा मेला



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सावन के माह की शुरूआत 11 जुलाई से हुई थी यह भगवान शिव का पावन माह माना जाता है। इस माह में शिव की आराधना अत्यंत फलकारी होती है। इस बार सावन मे चार सोमवार पड़ रहे है जिसमें आज तीसरे सावन सोमवार पर शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध शिवधाम कुंडेश्वर में विशाल मेले का आयोजन होगा। सुबह 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पुजारियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कराया जाएगा। मंदिर का गर्भ गृह सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा।**

जानकारी के अनुसार मंदिर प्रबंधन ने इस वर्ष भगवान के दर्शन के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था की है। सुरक्षा के लिए ट्रस्ट के सुरक्षा जवानों के साथ पुलिस बल तैनात किया गया है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि की निगरानी की जा रही है।